जवाब दो!!! सरकार
www.jawabdosarkar.com
देश का पहला जवाबदेही पोर्टल

देश के लिए... अव्यवस्था के खिलाफ... ™

JAWAB DO SARKAR

www.jawabdosarkar.com

रेफरेंस संख्या –2020/ak/02 | E-Newsletter, Issued in Public Interest | शनिवार, 24 अक्तूबर 2020

पुलिस-प्रशासन की नाक के नीचे बजरी का अवैध परिवहन!!

कालोनी के खाली भूखंड में हो रहा बजरी का अवैध स्टॉक!!!

प्लाट संख्या 48,हनुमान नगर विस्तार ,राज पब्लिक स्कूल के सामने,जनक मार्ग ,खातीपुरा पर स्थित बजरी का अवैध स्टॉक

*भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1)(a) के तहत प्रकाशन एवं समस्त प्रकाशन IT Act 2000 के तहत उत्तरदायी
सर्वाधिकार@www.jawabdosarkar.com

सात लाइन हाजिर

बजरी माफिया से साठगांठ, थानेदार व कांस्टेबल निलंबित

भीलवाड़ा @ पत्रिका. बजरी माफिया से सांठगांठ कर कमाई के आरोप में हनुमान नगर थाना प्रभारी रामकिशन गोदारा व कांस्टेबल महेन्द्र सिंह को शुक्रवार को निलंबित कर दिया गया। इसी थाने के हैड कांस्टेबल समेत 7 पुलिसकर्मियों को भी हटाते हुए रिजर्व पुलिस लाइन में भेज दिया गया। अजमेर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक हवासिंह घुमरिया के शुक्रवार के आदेश के अनुसार निलम्बन के दौरान गोदारा व महेंद्र सिंह का मुख्यालय जिला नागौर रहेगा। अवैध बजरी मामले में संदिग्ध भूमिका होने पर आइजी की इस कार्रवाई से पुलिस महकमे में खलबली मच गई। बजरी माफिया से सांठगांठ के आरोप में थाना प्रभारियों के खिलाफ एक माह में यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है।

जहाँ राज्य के दुसरे शहरों में अवैध बजरी माफियाओं से सांठ गाँठ के दोषी पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही वहीँ राजधानी जयपुर में कॉलोनियों के खाली भूखंडों में हो रहा बजरी का अवैध स्टॉक

अवैध बजरी खनन मामले में जैसे जैसे सुप्रीम कोर्ट की सख्ती बढती जा रही है वैसे वैसे ही यह धंधा माफिया की शक्ल लेता जा रहा है|आये दिन अवैध बजरी खनन रोकने में असफल पुलिस प्रशासन की नाकामयाबियों,उनके साथ मारपीट,हत्या जैसे संगीन वारदातों को अंजाम देती सनसनीखेज खबरे पढने को मिलती है वही कई बार पुलिस प्रशासन की इन अवैध बजरी खनन माफियाओं के साथ सांठ गाँठ की खबरे भी सामने आती है|

प्लाट संख्या 48,हनुमान नगर विस्तार ,राज पब्लिक स्कूल के सामने,जनक मार्ग ,खातीपुरा पर स्थित बजरी का अवैध स्टॉक

यह मामला वैशालीनगर थाना अंतगर्त आने वाली हनुमान नगर विस्तार कोलोनी का है जिसके खाली भूखंड प्लाट संख्या 48 पर कुछ महीनों से बजरी का अवैध स्टॉक किया जा रहा है|यहाँ पर रात के अँधेरे में बजरी से भरे बड़े-बड़े डंपरों को खाली किया जाता है,फिर अल सुबह ट्रेक्टरों में भर कर उपभोक्ताओं को बेच दिया जाता है|

जवाब मांगते सवाल???

- **कहाँ से आती है यह बजरी?**
- **कौन कर रहा है इस बजरी का स्टॉक?क्या यह बजरी वैध तरीके से लायी जा रही है?**
- **क्या यह संभव है कि स बजरी को लाने वाले ट्रकों का रास्ते में आने वाले पुलिस नाकों,चेतक पर तैनात पुलिसकर्मियों से पाला नहीं पड़ता हो?**
- **आखिर क्या कर रहा है वैशालीनगर थाना?क्या यह संभव है की बीट अधिकारी को इसकी जानकारी नहीं हो?क्या इस कोलोनी में थाने की चेतक गश्त नहीं करती?**

जिम्मेदार विभाग

पुलिस थाना

वैशाली नगर